भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 528

उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2026 (गुरूवार)

1 श्रावण, 1948 (शक)

प्रश्न

असम में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) परियोजनाओं की समीक्षा

528 **श्री जोगेन मोहनः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने असम में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) परियोजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ग) अब तक कितनी राशि संस्वीकृत और जारी की गई है; और

(घ) उक्त परियोजनाओं की जिला-वार प्रगति का ब्योरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ) पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल (पीएम-डिवाइन) स्कीम के तहत, असम राज्य के लिए दिनांक 30.6.2026 तक कुल 1,402.50 करोड़ रुपये की लागत वाली चार परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के लिए दिनांक 30.06.2026 तक 745.53 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। इन परियोजनाओं का ज़िलेवार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

मंत्रालय राज्य सरकारों और कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ समय-समय पर समीक्षा बैठकों**,** जियो-टैग और टाइम-स्टैम्प्ड तस्वीरों का उपयोग करके डैशबोर्ड के माध्यम से निगरानी**,** मंत्रालय/उत्तर पूर्वी परिषद/फील्ड तकनीकी सहायता इकाइयों (एफटीएसयू)/परियोजना गुणवत्ता प्रबोधन (पीक्यूएम)/तृतीय पक्ष तकनीकी निरीक्षण (टीपीटीआई) एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा फील्ड निरीक्षण और साइट का दौरा आदि के माध्यम से पीएम-डिवाइन परियोजनाओं**,** जिनमें असम राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाएं भी शामिल हैं, के कार्यान्वयन की निगरानी करता है।

अगर कोई बाधा होती है, तो इन समीक्षाओं के माध्यम से उसकी पहचान की जाती है और राज्य सरकारों/कार्यान्वयन एजेंसियों को परियोजना की निगरानी सुदृढ़ करने, निष्पादन में तेज़ी लाने, निधि का समय पर उपयोग सुनिश्चित करने और कार्यान्वयन अनुसूची का पालन करने के उपायों के बारे में सलाह दी जाती है।

*****

अनुबंध

"असम में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) परियोजनाओं की समीक्षा" विषय पर राज्य सभा में दिनांक 23.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 528 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	**परियोजना**	**जिला**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)**	**जारी की गई धनराशि (करोड़ रुपये में)**
1.	कामरूप ज़िले में 20 स्कूलों को उत्कृष्टता के केंद्र के तौर पर बदलना	कामरूप	132.86	126.30
2.	शिवसागर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण	शिवसागर	499.82	247.43
3.	गुवाहाटी में माँ कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर का विकास	कामरूप	498.37	100.35
4.	एलजीबीइंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाली सड़क का उन्नयन/चौड़ीकरण	कामरूप	271.45	271.45
	कुल		**1,402.50**	**745.53**

*****